

# परिवार को समय देने के लिए शॉन टेट ने छोड़ा बांग्लादेश का साथ

**2027 तक था अनुबंध**

ऑस्ट्रेलियाई पूर्व तेज गेंदबाज पिछले वर्ष मई में नवंबर 2027 तक के करार के साथ बांग्लादेश टीम से जुड़े थे।

**जुबैर बन सकते हैं नए कोच**

बीसीबी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सफेद गेंद सीरीज से पहले नए गेंदबाजी कोच की नियुक्ति पर विचार कर रहा है।

## तेज गेंदबाजी कोच पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा

### बीसीबी तलहा जुबैर को जिम्मेदारी सौंपने पर कर रहा विचार

**ढाका, 04 जून. बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ पिछले 12 महीने उनके लिए बेहद संतोषजनक रहे, लेकिन अब वह अपने छोटे परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं.**



टेट के इस्तीफे के बाद अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सामने नया गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की चुनौती है. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बोर्ड पूर्व तेज गेंदबाज तलहा जुबैर को अंतरिम या पूर्णकालिक जिम्मेदारी सौंपने पर विचार कर रहा है. घरेलू क्रिकेट में कोच के रूप में उनकी पहचान मजबूत मानी जाती है और युवा गेंदबाजों के विकास में उनका योगदान सराहा जाता रहा है. बीसीबी जल्द ही इस संबंध में अंतिम फैसला ले सकता है क्योंकि बांग्लादेश को अगले सप्ताह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर सफेद गेंद की सीरीज खेलनी है. दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 9 जून को ढाका में खेला जाएगा. ऐसे में टीम प्रबंधन चाहता है कि सीरीज शुरू होने से पहले गेंदबाजी विभाग में स्थिरता बनी रहे.

टेट के अचानक पद छोड़ने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) नए गेंदबाजी कोच की तलाश में जुट गया है और खबरों के मुताबिक पूर्व तेज गेंदबाज तलहा जुबैर को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. शॉन टेट मई 2025 में बांग्लादेश टीम के गेंदबाजी कोच बने थे. उस समय उन्होंने न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स का स्थान लिया था. टेट को नवंबर 2027 तक के लंबे अनुबंध पर नियुक्त किया गया था और उनसे बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी आक्रमण को नई दिशा देने की उम्मीद की जा रही थी. हालांकि अनुबंध अवधि पूरी होने से काफी पहले उन्होंने पद छोड़ने का फैसला कर सभी को चौंका दिया. अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए टेट ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और राष्ट्रीय टीम के साथ बिताया गया समय उनके करियर के यादगार अनुभवों में शामिल रहेगा.

## एक नजर में



### ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, लेकिन केवल बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, 04 जून** (इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरूआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी, लेकिन वह उन मैचों में गेंदबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा, 'शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है, इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की ज़रूरत न पड़े, लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे। नेट्स पर बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा लग रहा है, शुक्र है कि मैं लगातार बल्लेबाजी कर पा रही हूं, इसलिए मैं अपनी मौजूदा फिटनेस से बहुत खुश हूं।' उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने मंगलवार को भारत के खिलाफ एक शानदार जीत के साथ विश्वकप से पहले का अपना समर सीजन खत्म किया। उन्होंने टॉनटन में 181 रनों का लक्ष्य हासिल करके सीरीज जीती, और इससे पहले उन्होंने मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड को भी हराया था।

### आउटर दिल्ली वॉरियर्स की भवानी यूथ सी.सी. पर 8 विकेट से दमदार जीत

**नयी दिल्ली, 04 जून.** आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पूल सी लीग मुकाबले में भवानी यूथ क्रिकेट क्लब को गुरूवार को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भवानी यूथ सी.सी. ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। भारत सिंधवंत ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। वहीं कपिल ने भी शीर्ष क्रम में 51 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। हालांकि अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारियां बनाने में सफल नहीं हो सके। आउटर दिल्ली वॉरियर्स की ओर से गेंदबाजी में शिवम शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 11 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और भवानी यूथ की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। अमन चौधरी ने 2 विकेट लिए, जबकि सिद्धांत शर्मा और शौर्य मलिक को 1-1 विकेट मिला।

### स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, 04 जून.** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/ एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गये बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं। उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फ्रेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई.

# हरिहरन-अर्जुन ने रचा इतिहास

- इंडोनेशिया ओपन में भारतीय स्टार को एन से यंग ने हराया
- पुरुष युगल जोड़ी पहली बार सुपर-1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंची

## सिंधु का अभियान थमा, सिंधु की लगातार नौवीं हार



**जकार्ता, 04 जून। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का इंडोनेशिया ओपन 2026 में सफर प्री-क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक और शीर्ष वरीय खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर भारतीय पुरुष युगल जोड़ी रामहरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया की मजबूत जोड़ी को हराकर अपने करियर के पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर-1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर भारतीय बैडमिंटन को बड़ी खुशी दी।**

विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर मौजूद रामहरिहरन और अर्जुन की जोड़ी इस वर्ष लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रही है। इसी साल इंडिया ओपन में उन्होंने मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर छह और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ओंग येव सिन और तेओ ई यी को हराकर सुर्खियां बटोरी थीं। इसके अलावा दोनों खिलाड़ी 2026 थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में भारत के आयुष शेट्टी का अभियान भी समाप्त हो गया। दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ 21-16, 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम जीतने के बावजूद आयुष अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और अगले दो गेम गंवाकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारतीय चुनौती अब मुख्य रूप से पुरुष युगल वर्ग में हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी पर टिकी हुई है, जिससे क्वार्टर फाइनल में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

महिला एकल के दूसरे दौर में खेले गए मुकाबले में एन से यंग ने शुरुआत से ही आत्मविश्वास भरा खेल दिखाया। हालांकि पहले गेम में सिंधु ने कड़ी चुनौती पेश की और स्कोर 16-16 तक बराबरी पर पहुंच गया, लेकिन इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने अपने अनुभव और आक्रामक खेल का परिचय देते हुए अगले छह में से पांच अंक जीत लिए। इसके साथ ही उन्होंने पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया।


दूसरे गेम में विश्व नंबर एक खिलाड़ी पूरी तरह हावी नजर आईं। उन्होंने शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद सिंधु को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। एन से यंग ने 17-8 की मजबूत बढ़त बनाकर मैच पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और अंतत: 21-15 से गेम जीतते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। 44 मिनट तक चले इस मैच के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच जीत-हार का रिकॉर्ड 9-0 हो गया है, जो एन से यंग के पूर्ण वर्चस्व को दर्शाता है। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा।

भारतीय खेमे के लिए दिन की सबसे बड़ी सकारात्मक खबर पुरुष युगल वर्ग से आई। रामहरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने मलेशिया के आरोन ताई और कांग खाई जिंग को रोमांचक मुकाबले में 16-21, 21-15, 21-19 से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया। यह जोड़ी पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर-1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंची है।

मुकाबले की शुरुआत भारतीय जोड़ी के लिए निराशाजनक रही और उन्हें पहला गेम गंवाना पड़ा। लेकिन दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की। आक्रामक स्मैश और बेहतर नेट प्ले के दम पर उन्होंने मैच में बराबरी हासिल की और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया।

# उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल

## जैस्मीन नंबर 1 पर



**नयी दिल्ली, 04 जून एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुँच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर 1 पर पहुँच गई हैं। नई वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग में भारत ने अपनी मज़बूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिंग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज़ महिलाओं की 10 में से 9 वज़न कैटेगरी और पुरुषों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे।**

महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नंबर 3 पर पहुँच गईं। अरुंधति चौधरी (70किग्रा), पूजा रानी (80किग्रा), और नूपुर ( 80किग्रा) सभी वर्ल्ड नंबर 2 पर रहीं, जो भारी वज़न कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सितारे निकहत ज़रीन (51किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी।

पुरुषों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतरराष्ट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किग्रा) ने अपनी नंबर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे। आकाश (75किग्रा) और लोकेश (85किग्रा) भी टॉप 10 में शामिल हो गए, जिससे अलग-अलग वज़न कैटेगरी में भारत की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और भी मज़बूत हुई है।

ताज़ा रैंकिंग भारत की बढ़ती गहराई और निरंतरता को दिखाती हैं, जिसमें अलग-अलग वेट कैटेगरी के बॉक्सर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्थान हासिल कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर टॉप-10 रैंक वाले एथलीटों के मामले में भारत अभी कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर है, जबकि महिला बॉक्सिंग में एक मज़बूत ताकत के तौर पर उभरते हुए यह दूसरे स्थान पर है, और पुरुषों की कैटेगरी में मज़बूत चौथे स्थान पर है। खास बात यह है कि टॉप-3 की एलीटह्य कैटेगरी में, भारत कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर है, लेकिन महिला कैटेगरी में दुनिया में सबसे आगे है, जो वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती श्रेष्ठता को और भी ज़्यादा उजागर करता है।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूट सकते हैं कई बड़े रिकॉर्ड

**दुबई, 04 जून इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरु हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे।**

इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है।

हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

**आगामी टूर्नामेंट में ये अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं**

आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं।

# भारत टी 20 टीम की कप्तानी की दौड़ में श्रेयस, किशन और तिलक

**मुंबई, 04 जून (वार्ता) सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं। माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं।**



चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से मंज़ूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है, उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है।

पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं - इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है।

अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27) - को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालाँकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मज़बूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ़ में जगह बनाने में नाकाम रही.

### एपेक्स काउंसिल भारतीय क्रिकेटरों के लिए संन्यास योजना पर करेगी फैसला

मुंबई, 04 जून भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में हिस्सा लेने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू करियर से संन्यास लेने के मामलों को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एपेक्स काउंसिल के साथ बैठक कर भारतीय क्रिकेटरों के लिए संन्यास योजना बनाने की तैयारी में है। विजय शंकर का मामला इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने हाल ही में भारतीय क्रिकेट से अपने संन्यास का ऐलान किया और लगभग तुरंत ही खुद को लंकन प्रीमियर लीग (एलपीएल) के लिए उपलब्ध करा दिया। इसके तुरंत बाद, कैंडी रॉयल्स ने उन्हें 2026 सीजन के लिए अनुबंधित कर लिया।

**फ्रेंच ओपन 2026** — पहली बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचे इतालवी खिलाड़ी

# कोबोली ने रचा इतिहास, मेजर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**पेरिस, 03 जून। फ्रेंच ओपन 2026 में इटली के फ्लेवियो कोबोली ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कनाडा के फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिम को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार का टिकट कटाया।**



तीन घंटे 23 मिनट तक चले इस मुकाबले में कोबोली ने शानदार वापसी, बेहतरीन फुटवर्क और दबाव में संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया।

कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर खेले गए मुकाबले में ऑगर-अलियासिम ने पहला सेट 6-4 से जीतकर मजबूत शुरुआत की। हवा के कारण शुरुआती दौर में दोनों खिलाड़ियों को लय हासिल करने में कठिनाई हुई, लेकिन पहला सेट कनाडाई खिलाड़ी के नाम रहा। इसके बाद छत बंद होने और परिस्थितियां बदलने का फायदा कोबोली ने शानदार ढंग से उठाया। दूसरे सेट से इतालवी खिलाड़ी पूरी तरह बदले हुए अंदाज में नजर आए। उन्होंने अपने फोरहैंड शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल किया और लंबी रैलियों में ऑगर-अलियासिम पर दबाव बनाना शुरू किया। परिणामस्वरूप उन्होंने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4 और 6-4 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

मुकाबले के महत्वपूर्ण क्षणों में कोबोली का प्रदर्शन निर्णायक साबित हुआ। उन्होंने मैच के दौरान 14 में से 10 बार 30-30 की स्थिति वाले अंक जीतकर अपनी मानसिक मजबूती का परिचय दिया। जीत के बाद कोबोली ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा अवसर था और उन्होंने कोर्ट पर अपना सब कुछ झोंक दिया। उन्होंने बताया कि पहले सेट के बाद उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव किया और खुद को लगातार लड़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

### प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा : आईसीसी

**दुबई, 04 जून.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उसका दो-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डॉ. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा नियुक्त दो-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डॉ. मोहम्मद ए.एस. मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंगवा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे.

# मेसी ने स्पेन का प्रतिष्ठित अवार्ड जिता

**मैड्रिड, 03 जून फ़ुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी को बुधवार को प्रतिष्ठित 'प्रिंसेस ऑफ़ एस्टुरियस अवार्ड फ़ॉर स्पोर्ट' के 2026 के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया।**

यह सम्मान मेसी को अर्जेंटीना की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के कुछ ही दिनों बाद मिला। यह उनके करियर का छठा विश्व कप होगा। यह पुरस्कार 38 वर्षीय खिलाड़ी की 'शानदार प्रतिभा, उनके असाधारण खेल करियर और सबसे वंचित बच्चों तक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए उनके ज़बरदस्त और निरंतर चल रहे परोपकारी कार्यों' को मान्यता देता है।



मेसी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स के बाद यह सम्मान पाने वाले नवीनतम खेल हस्ती हैं। 1987 में अपनी शुरुआत के बाद से, यह पुरस्कार कैरोलिना मारिन, सेबेस्टियन को, न्यूज़ीलैंड रग्बी टीम और स्पेन की राष्ट्रीय फ़ुटबॉल टीम सहित कई अन्य लोगों को भी मिल चुका है।

जूरी ने अपने प्रशस्ति पत्र में कहा, 'उन्होंने मैदान पर अपने अनुकरणीय व्यवहार और अपनी दृढ़ता, विनम्रता तथा सामूहिक खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए भी सभी का सम्मान और प्रशंसा अर्जित की है।'